 दिनांक :२८ जुन, २००९

मेगा सीटी अहमदाबाद में राष्ट्रीय एकता सद्भावना दौड - २००९

अहमदाबाद : ब्रह्माकुमारीझ की भगिनी संस्था राजयोगा एज्युकेशन एन्ड रीसर्च फाउन्डेशन की युवा प्रभाग की रजत जंयति के निमित्त गुजरात राज्य के मेगा सीटी अहमदाबाद में राष्ट्रीय एकता युवा सद्भावना दोड-२००९ का भव्य आयोजन बापु महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विधापीठ के प्रांगण से किया गया। प्रातःकाल ७.३५ को शरु हुई सद्भावना दोड अहमदाबाद के प्रमुख मार्गो से पसार होते हुई गुजरात विधापीठ के संकुल में समापन हुई।

यह युवा सद्भावना दोड में शहर के सामाजिक एवम् धार्मिक संस्थायें, स्कुल एवम् कॉलेज के छात्र, कॉरपोरेट दफतर के सदस्यो, लाफिंग कलब, रोटरी कलब से भिन्न-भिन्न ६४०० से अधिक दोडवीरोने बडे ही उंमग उत्साह से हिस्सा लिया। इस दोड में धार्मिक सद्भावना, सामाजिक सद्भावना, राष्ट्रीय सद्भावना एवम् प्राकृत्तिक सद्भावना के विषय पर सुंदर सजे हुये टेल्बो का मुख्य आर्कषण के बिन्दु रहे। दोड के मार्ग में अलग अलग स्थानों पर भारत देश के राज्यों की वेशभूषा एवम् नामांकित देशभक्तो के पात्रो से सजे हुये बच्चोने रास्ते में दोडवीरो का होंसला बढाते स्वागत करते रहे।

युवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजिका ब्र. कु. चंद्रिका बहनजी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। गुजरात राज्य के शिक्षा विभाग के मंत्री श्री रमणभाई वोरा के सद्भावना दोड को अपनी शुभकामनाये दी। गुजरात झोन के क्षेत्रिय संचालिका राजयोगीनी सरलादीदीने आर्शिवचनो से युवाओं में बल एवम् जोश भरा।

इस कार्यक्रम में रोटरी इन्टरनेशनल के डिस्ट्रीकट गर्वनर डॉ. जयप्रकाश व्यास, गीता मंदिर के स्वामी श्री महेशानंदजी, इस्लाम दर्शन केन्द्र जमाएते इस्माइल हिन्द (गुजरात) के सेक्रेटरी इकबाल मिरझा, गुरुद्वारा गोविंदधाम के ज्ञानी रतनसिंहजी, अहमदाबाद के बिशप थोमस मेकवान, डॉकटर्स, स्कुल एवम् कॉलेज के प्रिन्सीपाल, एडवोकेटर्स, पत्रकारों, खेलकुद से जुडे हुये खिलाडी, सामाजिक एवम् धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवम् विशिष्ट महानुभावोने दिप प्रज्जवलन करके दोड का शुभांरभ किया।

रोटरी इन्टरनेशनल के डिस्ट्रीकट गर्वनर डॉ. जयप्रकाश व्यास ने यात्रा के लीडर को मशाल, चुनाव आयोग के सेक्रेटरी भ्राता वी. एच. शाह(Retd. I.A.S.),ने राष्ट्रध्वज यात्रीओं को दिया। शिक्षा मंत्री श्री रमणभाई वोरा, चुनाव आयोग के सेक्रेटरी भ्राता वी. एच. शाह (Retd. I.A.S.), रोटरी इन्टरनेशनल के डिस्ट्रीकट गर्वनर डॉ. जयप्रकाश व्यास, सरलादीदी, चंद्रिका बहन अवम् शारदा बहन ने सद्भावना दोड को गुब्बारे छोड कर एवम् हरी झंडी दे कर प्रस्थान करवाया।

''राष्ट्र के प्रति मेरी भावनाओं'' को २० फीट लंम्बे बेनर पर सभी महानुभावो एवम् दोडवीरोंने अपने हस्ताक्षर किये। युवा भाईओंने राष्ट्र के लिये सारी सभा को प्रतिज्ञा करवाई। इस दोड में ७३ साल के बुठे और ५ साल के छोटे बच्चे ने भी हिस्सा लिया। दोड में भाग लेनेवाले सभी दोडवीरों के प्रमाणपत्र मी एनायत करने का काय क्रम का आयोजन भी किया गया है।